मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-366
03/08/2021

# जे0पी0 स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मिथिलेश सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

पटना, 03 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जे0पी0 स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मिथिलेश सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व0 मिथिलेश सिंह जी जे0पी0 आंदोलन से गहरे रूप से जुड़े हुये थे। जे0पी0 आन्दोलन के समय में ही मेरी उनसे जान–पहचान हुयी, उसके बाद उनके साथ लगातार जुड़े रहे और साथ में काम किया। वे जे0पी0 स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समिति के अध्यक्ष रहे थे एवं बिहार सरकार में मंत्री के रूप में राज्य की सेवा की थी। वे हमारे पुराने साथी थे। उन्होंने कहा कि मिथिलेश सिंह के निधन के समाचार से उन्हें गहरा दुख हुआ है। उनके निधन से समाजवाद एवं राजनीति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मिथिलेश सिंह जी के निधन का समाचार मिलते ही मुख्यमंत्री ने उनके पुत्र श्री विशाल सिंह से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें सांत्वना दी।

स्व0 मिथिलेश सिंह का अंतिम संस्कार कोविड प्रोटोकॉल के अनुरूप राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******